भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1790
उत्तर देने की तारीख 31.07.2023

सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के पोल की स्थापना

1790. चौधरी महबूब अली कैसर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत का नाम सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभों के मामले में वैश्विक सांस्कृतिक मंच पर नहीं आता है;
(ख) यदि हां, तो क्या दुनिया के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज पोल की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है;
(ग) यदि हां, तो उसके लिए प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो क्या आजादी के अमृत महोत्सव के पवित्र वर्ष के चल रहे उत्सव के दौरान सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ स्थापित करके भारत का नाम वैश्विक सांस्कृतिक मंच और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज भी किया जाना चाहिए, जहां हमारे पड़ोसी देशों पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, अज़रबैजान, सऊदी अरब और मिस्र आदि जैसे देशों के नाम दर्ज हैं?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी, हां। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए इम्फाल में सबसे ऊंचा ध्वज स्तंभ स्थापित करने हेतु मणिपुर राज्य सरकार की ओर से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

(ग) और (घ): मणिपुर राज्य सरकार से कहा गया है कि वह अपने प्रस्ताव पर पुन: विचार करें और संस्कृति मंत्रालय के विचारार्थ विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें।

*****